


# मिलों को राहत पैकेज मिलते ही चीनी में दिखने लगी महंगाई

बिजनेस भास्कर ▶ **नई दिल्ली...**

केंद्र सरकार द्वारा चीनी मिलों को रॉ-शुगर के निर्यात पर 3,333 रुपये प्रति टन की दर से इंसेंटिव देने से घरेलू बाजार में चीनी की कीमतों में सुधार देखा गया। गुरुवार को दिल्ली में चीनी की कीमतों में 50 रुपये की तेजी आकर भाव 3,050-3,100 रुपये प्रति क्विंटल हो गए।

एस एन बी इंटरप्राइजेज के प्रबंधक सुधीर भालोठिया ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा रॉ-शुगर के निर्यात पर इंसेंटिव देने की घोषणा के बाद से चीनी की कीमतों में सुधार आया है। गुरुवार को उत्तर प्रदेश में चीनी के एक्स-फैक्ट्री भाव बढ़कर 2,850-2,950 रुपये और दिल्ली थोक बाजार में 3,050-3,100 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। महाराष्ट्र में चीनी के दाम सुधरकर इस दौरान 2,600 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। उन्होंने बताया कि विश्व बाजार में रॉ-शुगर के दाम 15.81 सेंट प्रति पाउंड चल रहे हैं तथा केंद्र सरकार द्वारा इंसेंटिव देने से चीनी मिलें रॉ-शुगर के निर्यात सौदे कर सकेंगी। ऐसे में जैसे ही निर्यात सौदे शुरू होंगे, चीनी की मौजूदा कीमतों में और भी 75 से 100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी आने का अनुमान है।

इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (इस्मा) के अनुसार चालू पेराई सीजन 2013-14 (अक्टूबर से सितंबर) के दौरान 250 लाख टन चीनी का उत्पादन होने का अनुमान है। देश में चीनी की सालाना खपत 230 से 235 लाख टन का ही होता है। वैसे भी अक्टूबर में शुरू हुए नए पेराई सीजन के समय चीनी का करीब 80 लाख टन का बकाया स्टॉक भी बचा हुआ था।

Business Bhaskar
14/2/14